## एक नजर में

### विद्यालयों में हुआ बाल मेले का आयोजन



**मोहन बड़ोदिया, 14 नवंबर.** बच्चों में बहुमुखी प्रतिभा का विकास करने और क्रय विक्रय के व्यवहार को समझने को लेकर संस्कार पब्लिक एकेडमी और सनराइज पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में बाल मेले का आयोजन हुआ. इस दौरान शुक्रवार सुबह 11 बजे कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य और स्टाफ सदस्यों और बच्चों की उपस्थिति में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई. इसके उपरांत बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण भी प्राचार्य, उपप्राचार्या और स्टाफ के लोगों द्वारा किया गया.

### विधिक जागरूकता बाइक रैली निकाली



**शुजालपुर, 14 नवंबर.** तहसील विधिक सेवा समिति शुजालपुर द्वारा आमजन तक न्याय की पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर शहर में विधिक जागरूकता बाइक रैली का आयोजन शुक्रवार को किया. बता दें विधिक सेवा सप्ताह 14 नवंबर तक मनाया जा रहा है. जागरूकता रैली का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंदकुमार तिवारी के मार्गदर्शन में एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति तृतीय जिला न्यायाधीश शुजालपुर सपना पोर्ते के निर्देशन में किया गया और प्रथम जिला न्यायाधीश अभिलाष जैन की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया. उक्त बाइक रैली न्यायालय परिसर शुजालपुर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों तक होते हुए पुन: न्यायालय परिसर शुजालपुर में समाप्त हुई. उक्त रैली को अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति शुजालपुर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. विधिक जागरूकता बाइक रैली का प्रथम जिला न्यायाधीश अभिलाष जैन, चतुर्थ जिला न्यायाधीश दुर्गा सोलंकी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राम अचल पाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गजल पाहवा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अन्नपूर्णा भदौरिया, नायब नाजिर राधेश्याम बाणकर, बनेसिंह राजपूत, महेंद्र चौधरी, देवीसिंह किरार, बालकृष्ण उपाध्याय, हेमराज कटारिया, प्रमोद असाटी, अधिवक्ता मुकेश मेवाडा, अशोक तिवारी, मोहम्मद इसाक, गोपाल कुशवाहा सहित अन्य उपस्थित रहे. इस दौरान लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया.

### शैक्षणिक संस्थाओं में मनाया बाल दिवस



**शुजालपुर, 14 नवंबर.** पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस बाल दिवस के रूप में मनाया गया. इसके चलते शैक्षणिक संस्थाओं में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए. पीएमश्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर मंडी में बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए चटपटे व्यंजनों की स्टॉल लगाई. प्राचार्य अल्पना राणा सहित अन्य शिक्षकों ने छात्राओं का उत्साह वर्धन किया. वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहम्मदखेडा में बाल दिवस के अवसर पर भारत स्काउट गाइड के स्काउट गाइड ध्रोवर रेंजर व शाला के अन्य बच्चों ने स्टॉल लगा कर मेले का आयोजन किया. संस्था में पहली बार मेले का आयोजन हुआ, इस दौरान गांव के बच्चे व माता पिता भी शामिल हुए. प्रभारी प्राचार्य हजारीलाल जाधव, संतोष पाठक, स्काउट मास्टर विक्रम सिंह कुशवाह, मनोहर सूर्यवंशी, जुनेद कादरी, घनश्याम दांगी, कपिल परमार, अमित परमार, ममता चौधरी, सीमा मालवीय, जयप्रकाश इंदौलिया, हरिओम पाटीदार, ब्रह्मलाल मालवीय, विवेक शर्मा, प्रेम पांचाल, देवीलाल गुजराती, जसवंत सिंह डोडिया, जितेंद्र आर्य, रेणुका कारपेंटर, विष्णु मेवाड़ा आदि उपस्थित थे. इस मेले में स्टॉल लगाने वाले बच्चों को 26 जनवरी के आयोजन में पुरूस्कृत किया जाएगा.

### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन का मिलन समारोह हुआ




**शुजालपुर, 14 नवंबर.** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन का दीपावली मिलन समारोह प्रदेश जन सम्पर्क मंत्री गंगाधर वर्मा की मुख्य आतिथ्य, चंद्रकांता श्रीवास्तव के विशेष आतिथ्य व लक्ष्मणसिंह राठौर की अध्क्षता में हुआ. इस अवसर पर आयोजन समिति ने प्रदेश जन सम्पर्क मंत्री वर्मा का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मान किया. वर्मा ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य पेंशनरों की लड़ाई लड़ना है, हम निरंतर इसके लिए संघर्षरत रहेंगे, इसमें हमारे सभी साथियों का पूर्ण सहयोग मिल रहा है. जिससे संगठन निरंतर आगे बढ़ रहा है, हमारे द्वारा पूर्व में भी प्रदेश सरकार को अपनी मांगों से अवगत कराया गया था, लेकिन इस पर सरकार द्वारा भी कोई उचित निर्णय नहीं लिया गया. जिसके चलते आगे भी संगठन इसको लेकर प्रदेश स्तर पर बैठक कर रणनीति बनाकर आगे का कदम उठाएगी, वहीं दूसरी और उन्होंने सरकार द्वारा 10 नवंबर को प्रदेश सरकार से प्रदेश की राजधानी भोपाल में पेंशनरों की एक रैली निकालने की अनुमति मांगी थी लेकिन सरकार द्वारा इसको लेकर कोई अनुमति नहीं दी जिस पर संगठन में आक्रोश है. कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत शिक्षक मांगीलाल लेवे व आभार लक्ष्मण सिंह परमार ने माना. इस अवसर पर एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित थे.

### तपोवन पर मनाई पं. जोशी की जयंती

**शुजालपुर, 14 नवंबर.** कांग्रेस ने गांधी पार्क के पीछे देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू व मध्य भारत के पहले प्रधानमंत्री पं. लीलाधर जोशी की जयंती तपोवन में मनाई. यहां पर मौजूद गणमान्य नागरिक व कांग्रेसजनों ने दोनों महापुरूषों के चित्रों पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किए. श्रद्धांजलि सभा को कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव महेन्द्र जोशी, रामवीरसिंह सिकरवार, ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौर, अभिभाषक पारस चौपड़ा, आलोक श्रीवास्तव सहित वक्ताओं ने पं. लीलाधर जोशी द्वारा किए गए कार्य और सादगी भरे जीवन के संबंध में बताया.

# बिहार चुनाव की जीत पर शाजापुर भाजपा ने मनाया जश्न

## जिला भाजपा कार्यालय में जमकर हुई आतिशबाजी, विधायक ने मुंह मीठा कराया

**शाजापुर, 14 नवंबर. बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत को लेकर शाजापुर भाजपा कार्यालय में विधायक अरुण भीमावद के नेतृत्व में जमकर आतिशबाजी की गई. बिहार में एनडीए सरकार बनने पर भाजपा नेताओं ने खुशी जाहिर करते हुए जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं को दिया.**



गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम आते ही भाजपा नगर अध्यक्ष आशीष नागर और जिलाध्यक्ष रवि पांडे भाजपा कार्यालय पहुंचे. जहां उन्होंने विधायक अरुण भीमावद के नेतृत्व में भाजपा की जीत का जश्न मनाते हुए जमकर आतिशबाजी की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की इस ऐतिहासिक जीत को देश की जीत बताया. इस अवसर पर विधायक अरुण भीमावद ने कहा कि बिहार की जीत सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का नारा देने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीत है. प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जिन-जिन विधानसभा में जनसभा और रोड शो किया था, वे सभी विधानसभाओं में एनडीए के प्रत्याशी प्रचंड बहुमत से चुनाव जीते. विधायक अरुण भीमावद ने कहा कि 2047 का जो लक्ष्य शीर्ष नेतृत्व ने दिया है, ये लक्ष्य हर हाल में प्राप्त किया जाएगा. इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, नगर महामंत्री गोविंद नायक, महेश भावसार, शीतल भावसार, जिला भाजपा कोषाध्यक्ष किरण ठाकुर, मंडल अध्यक्ष के अलावा मनोहर विश्वकर्मा, मुन्ना भावसार, नगर पालिका के सभी पार्षद मौजूद थे.

### मो. बड़ोदिया में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया

मोहन बड़ोदिया, बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रचंड बहुमत से विजय होने पर मोहन बड़ोदिया मंडल के भाजपा कार्यकर्ता द्वारा मोहन बड़ोदिया में शुक्रवार दोपहर 2 बजे आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया गया. इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री रायसिंह मालवीय, जिला मीडिया प्रभारी संजय शिवहरे, भाजपा के वरिष्ठ नेता तेजसिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष जगदीश पाल, मंडल महामंत्री महेश भारती, रामचंद्र सूर्यवंशी, पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष रमेशचन्द्र विश्वकर्मा, वल्वभप्रसाद रूपरिया, अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष कैलाश भिलाला, पूर्व मंडल महामंत्री संदीप पाटीदार, भगवानसिंह भिलाला, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनीष प्रजापति, दिलीप, पुखराज पटेल, हेमराज पाटीदार, दिनेश पाल सहित बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ताओं मौजूद थे. जिनके द्वारा भाजपा की जीत का जश्न मानते हुए भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए गए.




### सोयतकलां में मिठाई बांटी

सोयतकलां, शुक्रवार बस स्टैंड पर बिहार चुनाव में भारतीय पार्टी इंडिया गठबंधन को शानदार जीत मिलने पर मिठाइयां बांटी गई व जमकर आतिशबाजी की गई. इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्कर राज जादौन, मंडल अध्यक्ष अमित नागर, वरिष्ठ भाजप कार्यकर्ता आत्माराम जायसवाल, गोविंदसिंह झाला, देवीलाल कुशवाह, कमलेश व्यास, प्रदीप डांगी दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे.

### बिहार जीत पर भाजपा ने मनाया विजय उत्सव





**शुजालपुर,** बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन को मिली ऐतिहासिक और प्रचंड जीत का उल्लास शुक्रवार को नगर में देखने को मिला. भाजपा नगर मंडल द्वारा टेम्पो चौराहा मंडी परिसर पर दोपहर 1 बजे विजय उत्सव का आयोजन कर जीत की खुशी का इजहार किया गया. आतिशबाजी, मिठाई वितरण और जोशीले नारों के बीच कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक एक दूसरे को बधाइयां दी. भारत माता की जय, भाजपा जिंदाबाद और धन्यवाद बिहार के नारों से गूंजते माहौल में कार्यकर्ताओं ने कहा कि बिहार की यह जीत लोकतंत्र, विकास और सुशासन की विजय है. जनता ने प्रधानमंत्री की नीतियों, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन और एनडीए की एकजुटता पर भरोसा जताते हुए प्रचंड जनादेश दिया है.

विजय उत्सव में पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक नायक, जिला महामंत्री विजय सिंह बैस, किशोर खन्ना, नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, मनीष रामडिया, रामसिंह खत्री, सीमित चौधरी, राजेंद्र जैन, सुरेश मालवीय, सोनू नेमा, मुकेश पाटीदार, अनिल जैन, राजेंद्र जायसवाल, नितेश मालवीय, सुरेंद्र तोमर, इम्तियाज खान, गोविंद सोनी, अमित गोयनका, भगवान सिंह यादव, राकेश परमार, अजय यादव, मनोज राणा, ऋषि अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# खाद्यान्न में 1 की जगह 5 वसूले जाने की शिकायत पर खाद्य विभाग की कार्रवाई

## सीएम हेल्पलाईन पर शिकायत के बाद अधिकारियों ने गांव पहुंचकर बनाया पंचनामा

**सोयतकलां, 14 नवंबर. ग्राम सालिया खेड़ी में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर उपभोक्ताओं से नमक के लिए निर्धारित 1 की बजाय 5 वसूले जाने की शिकायत पर खाद्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की है. ग्राम के निवासी दिलीप सेन ने इस अनियमितता की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर की थी.**

शिकायत को संज्ञान में लेते हुए जिला खाद्य अधिकारी एमएल मालवीय अपनी टीम सहित गांव पहुंचे. उन्होंने शिकायतकर्ता और ग्रामीणों से चर्चा कर पंचनामा तैयार किया. ग्रामीणों ने बताया कि समूह संचालित राशन दुकान पर पिछले कई महीनों से 5 प्रति किलो की दर से नमक वसूला जा रहा है, जबकि सरकार ने केवल 1 रूपये प्रति किलो का प्रावधान किया है. बताया गया कि गांव में करीब 1500 बीपीएल और पात्रता पर्ची धारक है, जिनसे वसूले गए लगभग 7,500 रुपए का कोई लेखा जोखा नहीं है. शिकायतकर्ता दिलीप सेन ने बताया कि दुकान पर उपभोक्ताओं को मशीन से निकलने वाली पर्ची भी नहीं दी जाती, बल्कि हस्तलिखित पर्ची थमा दी जाती है. खाद्य विभाग की टीम ने गांव का भ्रमण कर उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनीं. इस मौके पर जिन उपभोक्ताओं के नाम राशन कार्ड से हट गए थे उन्हें पुन: जोड़ने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की. इस दौरान जिला खाद्य अधिकारी एमएल मालवीय, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुरेश गुर्जर सुसनेर और एनएम मुवेल आगर की उपस्थिति में पंचनामा तैयार कर आगे की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट तैयार की गई.

# चिल्लाने से मना करने पर हमला किया

## चार लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज

**शुजालपुर, 14 नवंबर. मंडी थाना क्षेत्र अन्तर्गत कृष्णानगर कॉलोनी में गुरूवार की देर रात कुछ युवकों को रहवासी ने चिल्ला चोट करने से मना किया तो रहवासी के साथ मारपीट करते हुए जाति सूचक शब्द कहे. पुलिस ने चार लोगों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया.**

पुलिस को फरियादी नरेन्द्र पिता हिन्दूसिंह कुछबंदिया निवासी कृष्णानगर ने बताया कि 13 नवम्बर की रात लगभग 11.30 बजे मैं अपने घर के सामने खडा था तभी मोहल्ले के साहील पिता सुबराती, कामिल पिता कलिम चिल्ला चोट करते हुए निकल रहे थे तो मेने घर के सामने चिल्ला चोट करने पर मना किया, इतने में सलमान पिता सुबराती, सोहेल पिता सुबराती भी आ गए और चारों ने मुझे जाति सूचक शब्द कहते हुए लकड़ी से मारपीट की, जिससे चोटे आई. पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया.

# बाल दिवस पर बच्चे लगाते दिखे झाड़ू, वीडियो हुआ वायरल




**मोहन बड़ोदिया, 14 नवंबर. विकास खंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय आरोलिया का शुक्रवार दोपहर 3 बजे एक वीडियो सामने आया है.**

जिसमे शासकीय प्राथमिक विद्यालय आरोलिया के स्कूल के बाहर नन्हे मुन्ने बच्चे जिनके हाथों में किताब होना चाहिए और खासकर बाल दिवस पर बच्चों का दिन है ऐसे में बच्चों के हाथ में झाड़ू दिखना सरकारी सिस्टम की नाकामी उजागर करता है. वीडियो वायरल होने के बाद जब स्कूल के प्रधानाध्यापक से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन नहीं उठाया. इसको लेकर जब बीआरसी योगेश भावसार से बात की गई तो उनका कहना है कि बच्चे किस स्थिति में झाड़ू लगा रहे है, स्वैच्छा से लगा रहे है या प्रेशर में लगा रहे हैं जांच का विषय है.

# हमारा उद्देश्य न्याय को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना

## न्याय के प्रति जागरूकता रैली के माध्यम से विधिक सेवा योजना का दिया संदेश

**शाजापुर, 14 नवंबर. राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस 14 नवंबर के अवसर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर द्वारा विधिक सेवा योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं न्याय की पहुंच को सुदृढ़ करने के लिए विधिक जागरूकता बाइक रैली निकाली गई.**

रैली को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर आनंद कुमार तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यह रैली जिला न्यायालय परिसर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए नागरिकों को नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध सेवाओं एवं न्यायिक अधिकारों की जानकारी देने के उद्देश्य से निकाली गई. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के कमजोर, पीड़ित व जरूरतमंद वर्ग को नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना तथा उन्हें राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाना है. रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां नागरिकों को नि:शुल्क विधिक सहायता, पीड़ित सहायता योजनाओं, लोक अदालतों तथा कमजोर वर्गों के विधिक अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया.

### बाल दिवस एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम

न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत बाल दिवस पर सीएम राइस विद्यालय में शिक्षित नारी, बेहतर दुनिया विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता तथा शाउ मा विद्यालय में बालकों के अधिकार विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई. प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया तथा सभी विद्यार्थियों के उत्साहपूर्ण सहभाग की प्रशंसा की गई.




### कार्यक्रम में गरिमामय उपस्थिति

इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश अंजनी नंदन जोशी, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अवधेश कुमार गुप्ता, जितेन्द्र कुमार पाराशर, दिनेश कुमार नोटिया, गिर्राज प्रसाद गर्ग,दिलीप सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सुनयना श्रीवास्तव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती नमिता बौरासी, न्यायाधीशगण श्रीमती प्रेमलता जितेन्द्र गोयल, श्रीमती अनुष्का शर्मा, सतीष कुमार शुक्ला, श्रीमती जयश्री आर्यन मेहरा, धीरज आर्य, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती शिखा शर्मा, उप न्यायालय अधीक्षक सौरभ शर्मा, बार अध्यक्ष विवेक शर्मा, न्यायलयीन कर्मचारी संघ अध्यक्ष दिनेश गवली, इन्दर सिंह गामी, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल पंजीज उद्दीन खान, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल शुभम उमठ तथा न्यायालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

## एक नजर में

### मक्सी के बरंडवा में 8 हजार करोड़ के मेगा सोलर प्रोजेक्ट का सीएम करेंगे भूमिपूजन

# बेरोजगारों को रोजगार और मक्सी को मिलेगी नई पहचान : तिवारी

**शाजापुर, 14 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 16 नवंबर को मक्सी के ग्राम बरंडवा में जैक्सन ग्रुप के मेगा सोलर प्रोजेक्ट सहित विभिन्न इकाइयों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे. मक्सी में औद्योगिक क्षेत्र में मिलने वाली इन सौगातों से न सिर्फ बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा, बल्कि क्षेत्र को उद्योग के क्षेत्र में नई पहचान भी मिलेगी.**

लघु उघोग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव और शाजापुर विधायक अरुण भीमावद के प्रयासों से जिले मे औद्योगिक कंपनियों को लाने का प्रयास किया जा रहा है. लघु उद्योग भारती के समस्त पदाधिकारियों द्वारा मक्सी में मुख्यमंत्री मोहन यादव, विधायक अरुण भीमावद, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि पाण्डे का भव्य स्वागत किया जाएगा. साथ ही मक्सी में उद्योग स्थापित करने के लिए जैक्सन ग्रुप का अभिनंदन किया जाएगा. लघु उद्योग भारती अध्यक्ष किशोर प्रजापत, संभाग सहसचिव सुभाष मंडलोई, धर्मेन्द्र सिंह सेंगर, ललनसिंह तोमर, आलोक बंसल, प्रमोद वर्मा, संजय नेमा, ऋषि पारिक, डॉ. दीक्षित, हरि गर्ग, गजेन्द्र सिंह सिकरवार, विष्णु पाटीदार, पवन गर्ग, महेश पाटीदार आदि ने जिलेवासियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है.

### दो चरणों में पूरी होगी परियोजना...

जैक्सन ग्रुप 8 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश सोलर मॉड्यूल इकाई स्थापित करेगी. परियोजना दो चरणों मे पूरी होगी. पहले तीन गीगावॉट सोलर सेल निर्माण संयंत्र स्थापित होंगे. जिसमे करीब एक हजार सैंतालिस करोड़ का निवेश होगा. दूसरे चरण में सोलर सेल इंगाटस और वेफर्स निर्माण इकाई स्थापित की जाएगी. इसमें 7105 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है. संयंत्र में नई टॉप कॉन सोलर मॉडयूल तकनीक का उपयोग होगा. परियोजना में आठ हजार लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से राजेगार मिलेगा.

### इनका होगा भूमिपूजन...

इसके अलावा सीएम मक्सी में लकड़ी और कृषि उत्पाद से जुड़ी कम्पनी औद्योगिक क्षेत्र फेस 1 में आदित्य वुड पेकैजिंग, पुष्टि फार्माकेम प्रा. लि. का भूमिपूजन भी करेंगे. रुक्मणी एंड संस तथा यानको प्रोटींस का लोकार्पण भी होगा. ये इकाईयां वुडन पेलेट्स, फार्मा केमिकल्स, कृषि एवं घरेलु उत्पाद तथा बायो स्ट्रीमुलेटस के निर्माण से जुड़ी है.

# भावांतर योजना अंतर्गत मंडी में दिखाया लाईव प्रसारण

**शाजापुर, 14 नवंबर.** सीएम डॉ. मोहन यादव के गत दिवस देवास में आयोजित कृषक हितेषी कार्यक्रम भावांतर भुगतान योजना के प्रथम चरण की भावांतर राशि 1.33 लाख किसानों को 233 करोड़ रूपये की राशि का भुगतान सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरण का लाईव प्रसारण कृषि उपज मंडी समिति शाजापुर में एलईडी के माध्यम कृषक बंधुओं को दिखाया गया. कार्यक्रम में रमेशचन्द्र पाटीदार, सतीश पाटीदार, किरण सिंह ठाकुर, इंदर सिंह राठौर, योगेन्द्र सिंह ठाकुर, कार्तिक भीमावद, अनिल कुमार रिणवा, समस्त व्यापारीगण, हम्माल तुलावटी, मंडी सचिव एवं कर्मचारी उपस्थित थे.